# भूगोल

## अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न

**1. जनसंख्या वृद्धि से आप क्या समझते हैं।**

**उत्तर-** समय के दो अंतरालों के मध्य एक क्षेत्र विशेष में होने वाले जनसंख्या के परिवर्तन को जनसंख्या वृद्धि कहते हैं।

**2. विश्व के विकसित देश खनन संबधी कार्यों से पीछे क्यों घट रहे हैं?**

**उत्तर–** क्योंकि विकसित देशों में मानवीय श्रम मँहगा है, इसलिए इन देशों को खनन कार्य में अधिक श्रम लागत व्यय करनी पड़ती है।

**3. सिलीकॉन घाटी कहाँ स्थित है?**

**उत्तर–** सिलीकॉन घाटी संयुक्त राज्य अमेरिका में सिएटस के समीप स्थित है।

**4. पर्यटन से क्या आशय है ?**

**उत्तर-** पर्यटन एक यात्रा है जो कि व्यापार की अपेक्षा आनन्द के उद्देश्य से की जाती है।

**5. विश्व जनसंख्या वितरण और घनत्व को प्रभावित करने वाले कोई दो आर्थिक कारक लिखिए।**

**उत्तर-** (i) खनिज, (ii) औद्योगीकरण।

**6. विश्व स्तर पर भोजन संग्रहण का अधिक महत्त्व क्यों नहीं है?**

**उत्तर-** क्योंकि इन क्रियाओं के द्वारा प्राप्त उत्पाद विश्व बाजार में प्रतिस्पर्धा नही कर सकते हैं।

**7. छोटे एवं बड़े पैमाने के उद्योगो में एक अंतर लिखिए।**

**उत्तर-** छोटे पैमाने के उद्योगों में कम मात्रा में पूँजी का निवेश होता है जबकि बड़े पैमाने के उद्योगों में अधिक मात्रा में पूँजी का निवेश होता है।

**8. समकाल रेखाओं से क्या आशय है ?**

**उत्तर-** मानचित्र पर समान समय में पहुँचने वाले स्थानों को मिलाने वाली रेखाओं को समकाल रेखाएँ कहा जाता है।

**9. जनसंख्या घनत्व ज्ञात करने का सूत्र लिखिए।**

उत्तर- जनसंख्या घनत्व $\frac{\text{जनसंख्या}}{\text{क्षेत्रफल}}$

**10. संयुक्त राज्य अमेरिका के उत्तर-पूर्वी भाग में अधिक मुद्रा प्राप्त करने के लिए किस प्रकार की कृषि सर्वाधिक उपयुक्त है।**

**उत्तर**-- मिश्रित कृषि।

**11. रूहर औद्योगिक प्रदेश की प्रमुख समस्या क्या है?**

**उत्तर-** (अ)प्रदूषण की समस्या, (ब) औद्योगिक अपशिष्ट की समस्या।

**12. ज्ञान सम्बन्धी बाहयत्रोतन के कोई दो उदाहरण लिखिए।**

**उत्तर-** (अ) ई. लर्निंग, (ब) बौद्धिक सम्पदा अनुसंधान।

**13. विश्व में उच्चतम लिंगानुपात रखने वाले देश का नाम लिखिए।**

**उत्तर-** (i) यूरोप महाद्वीप का लैटविया देश।

**14. भूमध्य सागरीय क्षेत्र की प्रमुख विशेषता क्या है।**

**उत्तर-** रसदार खट्टे फलों की कृषि भूमध्य सागरीय क्षेत्र की प्रमुख विशेषता है।

**15. लौह इस्पात उद्योग को आधारभूत उद्योग क्यों कहा जाता है।**

**उत्तर-** क्योंकि लौह-इस्पात उद्योग पर अन्य सभी उद्योग निर्भर रहते हैं।

**16. चिकित्सा पर्यटन क्या है?**

**उत्तर-** जब चिकित्सा उपचार को अन्तर्राष्ट्रीय पर्यटन गतिविधि से जोड़ दिया जाता है तो इसे सामान्यतया चिकित्सा पर्यटन का नाम दिया जाता है।

**17. प्रतिकर्ष कारकों के दो उदाहरण लिखिए।**

**उत्तर-** (i) बेरोजगारी, (ii) रहन-सहन की निम्न दशाएँ

**18. विवृत्त खनन खनिजों के खनन का सबसे सस्ता तरीका क्यों हैं?**

**उत्तर-** क्योंकि विवृत्त खनन में सुरक्षात्मक पूर्वोपायों एवं उपकरणों पर अतिरिक्त खर्च अपेक्षाकृत कम होता है और उत्पादक शीघ्र व अधिक होता है।

**19. सार्वजनिक क्षेत्र के उद्योग एवं निजी क्षेत्र के उद्योगों में कोई एक अन्तर बताइए।**

**उत्तर-** सार्वजनिक क्षेत्र के उद्योग सरकार के अधीन होते हैं जबकि निजी क्षेत्र के उद्योगों का स्वामित्व व्यक्तिगत निवेशकों के पास होता है।

**20. विकासशील देशों में अंकीय विभाजक को कम करने हेतु एक सुझाव दीजिए।**

उत्तर- आम जनता तक सूचना और संचार तकनीक की पहुँच सुनिश्चित करना।

**21. जनसंख्या के वितरण को प्रभावित करने वाले कोई दो भौगोलिक कारक लिखिए।**

**उत्तर-** (i) जल की उपलब्धता, (ii) जलवायु ।

**22. फेजेंडा क्या है?**

**उत्तर-** ब्राजील में कॉफी के बागानों को फेजेंडा कहा जाता है।

**23. कुटीर एवं छोटे पैमाने के उद्योगों में कोई एक अंतर बताइए।**

**उत्तर**- कुटीर उद्योग में घर के सदस्य कार्य करते हैं जबकि छोटे पैमाने के उद्योगों में स्थानीय श्रमिक भी कार्य करते हैं।

**24.. तृतीयक क्रियाकलापों के कोई दो उदाहरण दीजिए।**

**उत्तर**- (i) व्यापार, (ii) परिवहन।

**25. लिंगानुपात ज्ञात करने का सूत्र लिखिए।**

उत्तर- लिंगानुपात= $\frac{\text{स्त्रियों की संख्या}}{\text{पुरुषों की संख्या}} \times 1000$

**26. विश्व के विकासशील राष्ट्रों में खनन कार्य सफलतापूर्वक क्यों संचालित हो रहा है?**

**उत्तर-** क्योंकि विश्व में विकासशील राष्ट्रों में पर्याप्त संख्या में सस्ते खनन श्रमिक आसानी से उपलब्ध हो जाते हैं जिसके कारण खनन कार्य में इन देशों को कम श्रम मूल्य व्यय करना पड़ता है।

**27. किन्हीं दो निर्माण उद्योगों के उदाहरण लिखिए।**

**उत्तर**- (i) लौह-इस्पात उद्योग, (ii) पेट्रो-रसायन उद्योग,

**28. वर्तमान समय में किन सेवाओं का विकसित देशों से बाह्य संगठन किया जा रहा है? किन्हीं दो का नाम लिखिए।**

**उत्तर-(**i) सूचना प्रौद्योगिकी (i) ग्राहक सहायता सेवा।

**29. जनसंख्या के वितरण को प्रभावित करने वाले कोई दो भौगोलिक कारक लिखिए।**

**उत्तर-** (i) जल की उपलब्धता, (ii) जलवायु ।

**30. फेजेंडा क्या है?**

**उत्तर-** ब्राजील में कॉफी के बागानों को फेजेंडा कहा जाता है।

**31. कुटीर एवं छोटे पैमाने के उद्योगों में कोई एक अंतर बताइए।**

**उत्तर**- कुटीर उद्योग में घर के सदस्य कार्य करते हैं जबकि छोटे पैमाने के उद्योगों में स्थानीय श्रमिक भी कार्य करते हैं।

**32. तृतीयक क्रियाकलापों के कोई दो उदाहरण दीजिए।**

**उत्तर**- (i) व्यापार, (ii) परिवहन।

**33. "एशिया में बहुत अधिक स्थानों पर बहुत कम लोग और बहुत कम स्थानों पर बहुत अधिक लोग रहते हैं।" यह कथन किसका है?**

**उत्तर—(**i) यह कथन जॉर्ज बी. क्रेसी का है।

**34. मिश्रित कृषि की सर्वप्रमुख विशेषता क्या है?**

**उत्तर-** मिश्रित कृषि में कृषि फसलों के उत्पाद तथा पशुपालन दोनों को समान महत्त्व दिया जाता है।

**35. लौह धातु और अलौह धातु उद्योगों का एक-एक उदाहरण लिखिए।**

**उत्तर-** लौह धातु उद्योग--लौह इस्पात उद्योग

अलौह धातु उद्योग--- एल्युमिनियम उद्योग

**36. फुटकर व्यापार के विभागीय भण्डार क्या होते हैं?**

**उत्तर-** फुटकर व्यापार के विभागीय भण्डार अपने विभागीय प्रमुख के निर्देश पर विभिन्न वस्तुओं की खरीद तथा उनको अपने ही कर्मचारियों को बिक्री हेतु स्थापित किए जाते है।

**37. जनसंख्या परिवर्तन के दो प्रमुख घटक लिखिए।**

**उत्तर**—(i) जन्मदर, (ii) मृत्युदर कि

**38. लाल कॉलर श्रमिक कौन कहलाते हैं।**

**उत्तर-** प्राथमिक क्रियाकलाप करने वाले ऐसे लोग जिनका कार्यक्षेत्र उनके घर से बाहर होता है. लाल कॉलर श्रमिक कहलाते हैं

**39. महस झील औद्योगिक प्रदेश किस देश में स्थित है?**

**उत्तर-** संयुक्त राज्य अमेरिका में।

**40. फुटकर व्यापार क्या है ?**

**उत्तर-** उपभोक्ताओं को वस्तुओं के प्रत्यक्ष विकय से सम्बन्धित व्यापारिक क्रियाओं को फुटकर व्यापार कहा जाता है।